**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**(अनुसूची – 'ए' मिनी रत्न- श्रेणी- 1 सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम)**
**राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003**

# विभिन्न संवर्गों में प्रबंधकों एवं कनिष्ठ कार्यपालकों की भर्ती
# विज्ञापन संख्या 12/2026/सीएचक्यू/डीआर-सीबीटी

## 1. सामान्य जानकारी और रिक्तियां

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), संसद के एक अधिनियम द्वारा गठित भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है जिसे देश में जमीन और वायु क्षेत्र दोनों में नागर विमानन अवसंरचना के सृजन, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। भाविप्रा को मिनी रत्न श्रेणी -1 का दर्जा प्रदान किया गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से भाविप्रा वेबसाइट www.aai.aero के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। किसी अन्य माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| पद कोड | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या और आरक्षण | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | यूआर | ई डबल्यू एस | ओबीसी (एनसीएल) | एस सी | एस टी | (रिक्तियों सहित) पीडब्ल्यूबीडी | | | |
| | | | | | | | | (ए) | (बी) | (सी) | (डी) एवं (ई) |
| 1 | प्रबंधक (इंजीनियरिंग -सिविल) | 145 | 62 | 14 | 38 | 21 | 10 | - | 03 | 02 | 03 |
| 2 | प्रबंधक (इंजीनियरिंग -इलैक्ट्रिकल) | 16 | 04 | 05 | 04 | 02 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 3 | प्रबंधक (वित्त) | 34 | 19 | 03 | 07 | 04 | 01 | 02 | [01] | [01] | - |
| 4 | प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) | 05 | 05 | - | - | - | - | 01 | - | - | 01 |
| 5 | प्रबंधक (वास्तु) | 04 | 03 | - | 01 | - | - | - | - | - | 01 |
| 6 | प्रबंधक (विधि) | 02 | 02 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 7 | प्रबंधक (अग्निशमन सेवाएँ) | 14 | 08 | 01 | 03 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| 8 | प्रबंधक (प्रचालन) | 28 | 13 | 02 | 07 | 04 | 02 | 01 | - | - | - |
| 9 | प्रबंधक (वाणिज्यिक) | 09 | 06 | - | 02 | 01 | - | 01 | - | - | - |
| 10 | प्रबंधक (निगमित योजना एवं प्रबंधन सेवाएँ) | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 11 | प्रबंधक (निगमित संचार) | 02 | 02 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | कनिष्ठ कार्यपालक (वित्त) | 36 | 13 | 06 | 06 | 05 | 06 | 01 | - | 01 | - |
| 13 | कनिष्ठ कार्यपालक (विधि) | 06 | 05 | - | - | 01 | - | - | - | - | - |
| 14 | कनिष्ठ कार्यपालक (प्रचालन) | 79 | 35 | 07 | 21 | 11 | 05 | 01 | 01 | - | 01 |
| 15 | कनिष्ठ कार्यपालक (सर्वेक्षण एवं कार्टोग्राफी) | 08 | 05 | - | 02 | 01 | - | - | - | - | 01 |

*यह [ ] पद के लिए पिछली भर्ती में रिक्त रह गई पीडब्ल्यूबीडी रिक्तियों को दर्शाता है।*

**रिक्त पदों की संख्या अनंतिम है और भाविप्रा के विवेकानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है ।**

प्रयुक्त संक्षिप्तियां: यू आर = अनारक्षित, ईडब्लूएस = आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग, ओबीसी (एनसीएल)= अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर), एससी = अनुसूचित जाति, एसटी = अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूबीडी = बेंचमार्क दिव्यांगजन, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी (ए), (बी), (सी), (डी) व (ई): कृपया नीचे दिए गए पैरा-2 में बेंचमार्क दिव्यांगताओं की उपयुक्त श्रेणियों का संदर्भ लें।

**2. बेंचमार्क दिव्यांगताओं की उपयुक्त श्रेणियां और बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों पीडब्ल्यूबीडी ) के लिए उपयुक्त चिन्हित पदों हेतु कार्यात्मक आवश्यकताएं**

| पद कोड | कार्यात्मक अपेक्षाएँ | बेंचमार्क दिव्यांगजन की उपयुक्त श्रेणियां | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ए | बी | सी | डी | ई |
| 1 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, सी, एच, केसी | - | डी, एच एच | ओए, ओएल, डीडबल्यू, एएवी, , एलसी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यांगता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल की संबंधित उप श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा) | एसएलडी, एमआई | श्रेणी (बी) से (डी) तक के लिए एम डी |
| 2 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, एसई, सी, एल, पीपी, केसी, आरडब्ल्यू | - | डी, एचएच | ओए, ओएल, डीडबल्यू, एएवी, एलसी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यांगता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल की संबंधित उप श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा) | एसएलडी, एमआई | श्रेणी (बी) से (डी) तक के एम डी |
| 3 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल, बीएल,ओएएल, बीए की संबंधित उप श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | - | श्रेणी (ए) से (सी) तक के एम डी |
| 4 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल, ओएएल की संबंधित उप श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई | श्रेणी (ए) से (डी) तक के एम डी |
| 5 | एस, एसटी, डब्ल्यू, आरडब्ल्यू, एमएफ, सीएल, एसई, सी, एच, बीएन, एल, केसी, पीपी | - | डी, एचएच | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई, न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल, बीएल, ओएएल की संबंधित उपश्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | - | श्रेणी (बी) से (सी) तक के एम डी |
| 6 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, बीए,ओएल, बीएल,ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल की संबंधित उपश्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | एएसडी, एसएलडी, एमआई | श्रेणी (ए) से (डी) तक के एम डी |
| 7 | लागू नहीं | | | | | |
| 8 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए की संबंधित उपश्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई | श्रेणी (ए) से (डी) तक के एम डी |
| 9 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए की संबंधित उपश्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | एएसडी, एसएलडी, एमआई | श्रेणी (ए) से (डी) तक के एम डी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | एस, एसटी, डब्ल्यू, आरडब्ल्यू, एमएफ, एसई, सी | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल की संबंधित उप श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | एसएलडी | बधिरता को छोड़कर श्रेणी (ए) से (डी) तक के एम डी |
| 11 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए की संबंधित उपश्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई | श्रेणी (ए) से (डी) तक के एम डी |
| 12 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए की संबंधित उपश्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | - | श्रेणी (ए) से (सी) तक के एम डी |
| 13 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, बीए, ओएल, बीएल,ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल की संबंधित उपश्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | एएसडी, एसएलडी, एमआई | श्रेणी (ए) से (डी) तक के एम डी |
| 14 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | बी, एलवी | डी, एचएच | ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीए की संबंधित उपश्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई | श्रेणी (ए) से (डी) तक के एम डी |
| 15 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एल, केसी, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी | - | डी, एचएच | ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी /एसआई न्यूरोलॉजिकल /अंग शिथिलता संबंधी दिव्यागंता को छोडकर<br>(एसडी/ एसआई के साथ संबद्द अंग शिथिलता को ओएल की संबंधित उपश्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा ) | - | श्रेणी (बी) से (सी) तक के एम डी |

प्रयुक्त संक्षिप्तियां: एस = बैठना, एसटी = खड़ा होना, डब्लू = चलना, बीएन = झुकना, आरडबल्यू = पढ़ना व लिखना, एसई = देखना, एच = सुनना, सी = संप्रेषण, एमएफ़ = उंगलियों से परिचालन, केसी = झुकना और दबकना , एल = उठाना, पीपी = खींचना व धकेलना, सीएल = आरोहण, बी = नेत्रहीन, एलवी = कम दृष्टि, डी = बहरा, एचएच = श्रवण बाधित, ओए = एक भुजा, बीए = दोनों भुजा, ओएल= एक पैर, बीएल= दोनो पैर , ओएएल= एक भुजा और एक पैर, बीएलओए = दोनों पैर और एक भुजा, सीपी = प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, एलसी = कुष्ठ उपचारित, डीडबल्यू= बौनापन, एएवी= एसिड हमला पीड़ित, एमडीवाई = मांसपेशियों से जुड़ी समस्या, एसडी /एसआई = रीढ़ की हड्डी में विकृति / रीढ़ की हड्डी में चोट, एएसडी = ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम = अल्प, एमओडी = मध्यम), एसएलडी= विशिष्ट अधिगम अक्षमता, एमआई= मानसिक रुग्णता, एमडी= बहु दिव्यांगता ।

टिप्पणी :

(i) पद के लिए उपयुक्त चिन्हित की गई दिव्यांगताओं की विभिन्न श्रेणियों की परिभाषा आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के तहत परिभाषित की जाएगी।

(ii) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए चिन्हित किए गए पद पर नियुक्ति से पहले प्रत्येक पद के सामने उल्लिखित संबंधित कार्यात्मक अपेक्षाओं के संदर्भ में उपयुक्तता के लिए भी मूल्यांकन किया जाएगा।

## 3. शैक्षणिक योग्यता और अनुभव

| पद कोड | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम अपेक्षित कार्य अनुभव* |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रबंधक ( इंजीनियरिंग - सिविल) | सिविल इंजीनियरिंग या टैक्नोलाजी में स्नातक उपाधि \| | सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव |
| 2 | प्रबंधक ( इंजीनियरिंग - इलैक्ट्रिकल ) | इलेक्ट्रिकल में इंजीनियरिंग या टैक्नोलाजी में स्नातक की उपाधि \| | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव |
| 3 | प्रबंधक (वित्त) | वित्त में विशेषज्ञता के साथ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर अथवा वित्त या लागत लेखाकार या चार्टर्ड अकाउंटेंट या चार्टर्ड वित्तीय विश्लेषक में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। | वित्त और लेखा के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव, जिसमें ऑटोमेशन और फाइनेंशियल प्रोसेसिंग के लिए सैप जैसे ईआरपी में कार्य करने का अनुभव शामिल हो। |
| 4 | प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) | कंप्यूटर साइंस/कंप्यूटर इंजीनियरिंग/सूचना प्रोद्योगिकी /इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में पूर्णकालिक नियमित स्नातक उपाधि<br>या<br>कंप्यूटर एप्लीकेशन में पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर उपाधि (एमसीए) | डेटाबेस प्रबंधन और प्रशासन / डेटा सेंटर प्रचालन और नेटवर्किंग अनुभव / ईआरपी प्रबंधन और प्रशासन / डेटा एनालिटिक्स / टीम लीड के रूप में सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन डेवलपर / टीम लीड के रूप में वेब डेवलपमेंट और रखरखाव अनुभव के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव |
| 5 | प्रबंधक (वास्तु) | वास्तु में पूर्णकालिक स्नातक उपाधि और काउंसिल ऑफ़ आर्किटेक्चर के साथ रजिस्टर्ड। | वास्तु के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव |
| 6 | प्रबंधक (विधि) | विधि में व्यावसायिक उपाधि ( स्नातक उपरांत 3 वर्षों का नियमित पाठयक्रम या 10+2 के बाद 5 वर्षों का इंटीग्रेटेड नियमित पाठयक्रम) और उम्मीदवारों को भारत में अदालतों में प्रैक्टिस करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया में एक वकील के रूप में नामांकित होने के लिए पात्र होना चाहिए। | विधि के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव |
| 7 | प्रबंधक (अग्निशमन सेवाएँ) | इंजीनियरिंग/टैक्नोलोजी में पूर्णकालिक नियमित स्नातक उपाधि / अग्निशमन इंजीनियरिंग / मैकेनिकल इंजीनियरिंग / ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग । | अग्निशमन सेवाओं के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव |
| 8 | प्रबंधक (प्रचालन) | विज्ञान में स्नातक और 2 वर्षों की अवधि का पूर्णकालिक नियमित एमबीए।<br>या<br>इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित स्नातक उपाधि। | हवाई अड्डा प्रचालन अर्थात एयरसाइड प्रचालन/टर्मिनल प्रबंधन/एयरलाइन प्रचालन/ग्राउंड हैंडलिंग प्रचालन आदि के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव \| |
| 9 | प्रबंधक (वाणिज्यिक) | विपणन विशेषज्ञता के साथ स्नातक और 2 वर्षों की अवधि की पूर्णकालिक नियमित एमबीए।<br>या<br>इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित स्नातक उपाधि । | विपणन/बिक्री/व्यवसाय विकास/रियल एस्टेट लीजिंग/अनुबंध और खरीद के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव \| |
| 10 | प्रबंधक (निगमित योजना और प्रबंधन सेवाएँ) | यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से गणितीय सांख्यिकी/प्रचालन अनुसंधान/सांख्यिकी/अनुप्रयुक्त सांख्यिकी/सांख्यिकी के साथ अर्थशास्त्र/सांख्यिकी के साथ गणित में स्नातकोत्तर। | अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/प्रचालन अनुसंधान के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव \| |
| 11 | प्रबंधक (निगमित संचार) | जन संचार/पत्रकारिता/साहित्य (हिंदी/अंग्रेजी) में पूर्णकालिक नियमित स्नातक उपाधि और पत्रकारिता/जन माध्यम/जन संचार में 2 वर्षों की स्नातकोत्तर उपाधि/पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा। | निगमित संचार/जनसंपर्क कार्यों जैसे कि संपार्श्विक डिजाइन और कंटेन्ट क्रिएशन, मीडिया योजना, प्रेस संबंध, पारंपरिक, ऑनलाइन, सामाजिक और डिजिटल मीडिया (इंट्रानेट/इंटरनेट) में निगमित छवि निर्माण, ब्रांडिंग और इवेंट मैनेजमेंट आदि के क्षेत्र में अर्हता उपरांत 03 वर्षों का कार्य अनुभव \| |
| 12 | कनिष्ठ कार्यपालक (वित्त) | वित्त में विशेषज्ञता के साथ व्यवसाय प्रशासन (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) में स्नातकोत्तर या वित्त या लागत लेखाकार या चार्टर्ड एकाउंटेंट या चार्टर्ड वित्तीय | शून्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | विश्लेषक में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। | |
| 13 | कनिष्ठ कार्यपालक (विधि) | विधि में व्यावसायिक डिग्री (स्नातक के बाद 3 वर्षों का नियमित पाठ्यक्रम या 10 + 2 के बाद 5 वर्षों का एकीकृत नियमित पाठ्यक्रम) और उम्मीदवारों को भारत में न्यायालयों में प्रैक्टिस करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया में एक वकील के रूप में नामांकित होने के लिए पात्र होना चाहिए\| | शून्य |
| 14 | कनिष्ठ कार्यपालक (प्रचालन) | विज्ञान में स्नातक और 2 वर्षों की अवधि का पूर्णकालिक नियमित एमबीए।<br>या<br>इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित स्नातक की उपाधि। | शून्य |
| 15 | कनिष्ठ कार्यपालक (सर्वेक्षण और मानचित्रण) | सिविल में इंजीनियरिंग या टैक्नोलोजी में स्नातक की उपाधि या रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणालियों में स्नातकोत्तर या भू-सूचना(जियो इंफोर्मेटिक्स) विज्ञान में मास्टर या भू-विज्ञान (जियो मेटिक्स) में स्नातकोत्तर | शून्य |

**स्वीकार्य अनुभव के विवरण के लिए नीचे दिए गए नोट (vi) का संदर्भ लें*

**<u>टिप्पणी :</u>**

(i) अंकों का प्रतिशतः न्यूनतम उत्तीर्ण अंक

(ii) डिग्री या डिप्लोमा या प्रमाणपत्र या सदस्यता परीक्षा भारत में केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के किसी अधिनियम द्वारा निगमित किसी भी विश्वविद्यालय या संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत विश्वविद्यालय के रूप में घोषित अन्य शैक्षणिक संस्थानों से होनी चाहिए।

(iii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों से मुक्त और दूरस्थ मोड में प्राप्त डिग्री या डिप्लोमा (जैसा भी मामला हो), जहां भी लागू हो, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में सीधी भर्ती के उद्देश्य से विचार किया जाएगा।

(iv) विधि में व्यावसायिक डिग्री पर तभी विचार किया जाएगा जब वह बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से हो।

(v) वाणिज्यिक और प्रचालन में पदों के लिए "इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री" के रूप में उल्लिखित योग्यता के लिए "टैक्नोलोजी में स्नातक की डिग्री" वाले उम्मीदवारों को भी आवेदन करने की अनुमति है।

(vi) <u>कार्य अनुभव के संबंध में स्पष्टीकरण:</u>

(1) अनुभव, केंद्र या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या बड़े निजी क्षेत्र के संगठनों या संस्थानों या प्रतिष्ठित कंपनी से होना चाहिए।

(2) बड़े निजी क्षेत्र के संगठन या संस्थान या प्रतिष्ठित कंपनी में निम्नलिखित में से कोई एक शामिल होगा:

(ए) सूचीबद्ध कंपनियां (जिसका तात्पर्य होगा और इसमें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज या बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के ग्रुप ए या बी में सूचीबद्ध कंपनियां शामिल होंगी) – के तद्नुरूप वर्षों का अनुभव।

(बी) संस्था या संस्थान या कंपनियों से प्राप्त अनुभव जिसमें कंपनी के लिए कार्य करने वाले 250 से अधिक कर्मचारी हैं, संविदा के आधार पर आपूर्ति किए गए मैनपावर को छोड़कर - के तद्नुरूप वर्षों का अनुभव।

(सी) संगठन या संस्थान या कंपनियों से अर्जित अनुभव, जिनका वित्तीय वर्षों में 250 करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक कारोबार है (तद्नुरूप वर्षों का अनुभव) । बड़ी विधि फर्मों में ऐसी विधि फर्म शामिल होनी चाहिए जिसका वित्तीय वर्षों में 10 करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक कारोबार हो (तद्नुरूप वर्षों का अनुभव)

**4. आयु सीमा और छूट**

(i) **आयु सीमा:**

प्रबंधक : **07.09.2026** को अधिकतम आयु **32** वर्ष
कनिष्ठ कार्यपालक : **07.09.2026** को अधिकतम आयु **27** वर्ष

(ii) **आयु में छूट:**

(ए) एससी/एसटी के लिए अधिकतम आयु सीमा में **5 वर्ष** और ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों के लिए **3 वर्ष** की छूट दी गई है। ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियां भारत सरकार के इस संबंध में दिशानिर्देशों के अनुसार ' नॉन -क्रीमी लेयर' से संबंधित उम्मीदवारों के लिए हैं।

(बी) केवल स्थायी विकलांगता वाले पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में **10 वर्ष** की छूट दी जा सकती है, जहां सक्षम प्राधिकारी द्वारा **07.09.2026** को या उससे पहले जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित प्रासंगिक विकलांगता की श्रेणी के लिए उपयुक्त पद की पहचान की जाती है।

(सी) पूर्व सैनिक और कमीशन अधिकारी जिनमें आपातकालीन कमीशन अधिकारी या लघु सेवा कमीशन अधिकारी शामिल हैं, जिन्होंने कम से कम पांच साल की सैन्य सेवा की है और उन्हें रिहा कर दिया गया है-

(1) असाइनमेंट पूरा होने पर (उन लोगों सहित जिनका असाइनमेंट एक वर्ष के भीतर पूरा होने वाला है) अन्यथा कदाचार या अक्षमता के कारण बर्खास्तगी;

अथवा

(2) सैन्य सेवा के कारण हुई शारीरिक दिव्यांगता या अमान्य होने के कारण

अधिकतम आयु सीमा में **05 वर्षों** की छूट दी जाएगी।

(डी) भाविप्रा की नियमित सेवा में कार्यरत और प्रारंभिक नियुक्ति पर परिवीक्षा पूरी कर चुके उम्मीदवारों के लिए अधिकतम **10 वर्षों** की छूट के साथ अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जा सकती है।

(ई) मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म तिथि ही स्वीकार की जाएगी। जन्म तिथि में परिवर्तन के लिए बाद के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**5. महत्वपूर्ण तिथियां**

| विवरण | तिथि |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 08.08.2026 |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 07.09.2026 |
| कंप्यूटर आधारित परीक्षा की संभावित तिथि | भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर घोषणा की जाएगी। |

**6. पारिश्रमिक**

**(i) वेतन मान (आईडीए) :-**

**प्रबंधक (ग्रुप- ए : ई – 3 लेवल)** :- रु. 60000-3%-180000
**कनिष्ठ कार्यपालक [ग्रुप-बी: ई-1 लेवल]** :- रु.40000-3%-140000

**(ii) परिलब्धियाँ: -**

(ए) मूल वेतन के अतिरिक्त, महँगाई भत्ता, मूल वेतन के 35% की दर से अनुलब्धियाँ, मकान किराया भत्ता और अन्य लाभ जिनमें सीपीएफ, ग्रेच्यूटी, सामाजिक सुरक्षा योजना, चिकित्सा लाभ आदि शामिल है, भाविप्रा नियमों के अनुसार ग्राह्य होंगे।

(बी) कनिष्ठ कार्यपालक पद के लिए अनुमानित सीटीसी ₹14 लाख प्रति वर्ष और प्रबंधक पद के लिए ₹21 लाख प्रति वर्ष होगा।

(iii) अन्य सीपीएसई /राज्य पीएसयू/सरकारी विभागों से उचित माध्यम द्वारा भाविप्रा में आने वाले पात्र उम्मीदवारों को वेतन संरक्षण मिलेगा। यह संरक्षण डीपीई दिशा-निर्देशों के अनुसार दिया जाएगा।

**7. महत्वपूर्ण निर्देश**

I. केवल भारतीय नागरिक, जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

II. उम्र, योग्यता, अनुभव और पात्रता के अन्य सभी मानदंड **07.09.2026 (कट-ऑफ तिथि)** के अनुसार माने जाएंगे।

III. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन तभी करें जब उनकी अपेक्षित योग्यता का अंतिम परिणाम घोषित हो चुका हो। परिणाम घोषित होने या अंक पत्र जारी होने की तारीख को ही योग्यता प्राप्त करने की तारीख माना जाएगा और इस मामले में कोई छूट नहीं दी जाएगी। इस विज्ञापन के तहत कट-ऑफ तारीख तक अंतिम परिणाम प्रस्तुत न करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

IV. ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र: ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवार ध्यान दे कि आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के समय उन्हें **वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में जारी वैध ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा**। यह प्रमाणपत्र इस बात का प्रमाण होगा कि उम्मीवार **केंद्रीय ओबीसी सूची** में शामिल ओबीसी समुदाय से संबंधित है तथा वह ओबीसी वर्ग की **"क्रीमी लेयर"** में शामिल नहीं है।इसके अतिरिक्त, नियुक्ति से पूर्व उम्मीदवार को एक घोषणा-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह घोषित किया गया हो कि वह ओबीसी वर्ग की **क्रीमी लेयर** से संबंधित नहीं है।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन के तहत आरक्षण का लाभ पाने के लिए, **वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान जारी ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र** के लिए आवेदन करें और उसे प्राप्त कर लें। जो उम्मीदवार आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के समय ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे, उन्हें संबंधित श्रेणी के तहत नहीं माना जाएगा।

**राज्य सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति (अर्थात राज्य सूची के ओबीसी) या शैक्षणिक दाखिले के लिए जारी ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।**

V. ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) प्रमाणपत्र: ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों ध्यान दें कि आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के समय उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी **वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा,** जिससे यह प्रमाणित हो सके कि वे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन के तहत आरक्षण का लाभ पाने के लिए, **वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र** के लिए आवेदन करें और उसे प्राप्त कर लें। जो उम्मीदवार आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के समय ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे, उन्हें संबंधित श्रेणी के तहत नहीं माना जाएगा।

VI. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवार ध्यान दें कि उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा **07.09.2026** या उससे पहले जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र, आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के समय जमा करना होगा।

VII. स्थायी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र: पीडब्ल्यूबीडी/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार ध्यान दें कि उन्हें आवेदन के सत्यापन/साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा **07.09.2026** या उससे पहले जारी किया गया वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। विकलांगता प्रमाण-पत्र केंद्र सरकार के निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए और स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल के माध्यम से जारी किया गया होना चाहिए (जिसमें इस विज्ञापन में संबंधित पद के लिए बताई गई दिव्यांगताओं के अनुसार दिव्यांगता का प्रतिशत और प्रकार स्पष्ट रूप से लिखा हो)। जिस उम्मीदवार के पास मैनुअल दिव्यांगता प्रमाण-पत्र है, उसे सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार समय रहते स्वावलंबन/ यूडीआईडी पोर्टल के माध्यम से उसे डिजिटाइज़ करवा लेना चाहिए।

VIII. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि अस्थायी दिव्यांगता श्रेणी के तहत "सुधार की संभावना" वाली दिव्यांगता स्थिति आरक्षण के लिए पात्र नहीं हैं। "प्रोग्रेसिव" (बढ़ने वाली), "नॉन-प्रोग्रेसिव" (स्थिर) या "सुधार की संभावना नहीं" वाली स्थितियां ही आरक्षण के लिए पात्र होंगी। हालांकि, जिन पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के पास "प्रोग्रेसिव", "नॉन-प्रोग्रेसिव" या "सुधार की संभावना नहीं" वाली स्थितियों का अस्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे आरपीडब्ल्यूडी संशोधन नियम 2024 और डीईपीडब्ल्यूडी के 20.01.2025 और 17.12.2025 के ओएम के अनुसार दोबारा जांच करवाकर नया दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें।

IX. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों की नियुक्ति से पहले, संबंधित पद के लिए बताई गई कार्यात्मक अपेक्षाओं के आधार पर उनकी उपयुक्तता का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

X. विज्ञापन के पैरा-1 में दी गई सारणी में कोष्ठकों **[ ]** में दर्शाई गई दिव्यांगजन हेतु आरक्षित रिक्तियां संबंधित पद के लिए पूर्ववर्ती भर्ती से रिक्त रह गई रिक्तियां हैं, जिन्हें संबंधित श्रेणी के बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों से भरा जाएगा। यदि संबंधित बेंचमार्क दिव्यांगता श्रेणी के उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं, तो चिन्हित उपयुक्त बेंचमार्क दिव्यांगता श्रेणियों के बीच परस्पर श्रेणी परिवर्तन के आधार पर अन्य उपयुक्त बेंचमार्क दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों पर विचार किया जा सकता है। यदि बेंचमार्क दिव्यांगता

श्रेणियों के परस्पर परिवर्तन के उपरांत भी कोई उपयुक्त दिव्यांग अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होता है, तो ऐसी रिक्तियों को बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के अतिरिक्त अन्य अभ्यर्थियों से भरा जाएगा।

XI. भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के समय डिस्चार्ज प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

XII. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए सभी प्रमाण पत्र या तो हिंदी या अंग्रेजी में होने चाहिए। जाति के नाम में किसी भी प्रकार का बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। हिंदी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किए गए प्रमाण पत्रों के लिए, नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित उसकी अनुदित प्रति जमा करनी होगी।

XIII. जहां शैक्षणिक योग्यता में अर्हकारी डिग्री में विशेषज्ञता अपेक्षित है और डिग्री/डिप्लोमा/मार्कशीट में 'विशेषज्ञता' को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट नहीं किया गया है, वहां डिग्री जारी करने वाले प्राधिकारी और/या डिग्री जारी करने वाले विश्वविद्यालय/संस्थान के रजिस्ट्रार से एक स्पष्टीकरण प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी, जिसमें अर्हकारी डिग्री में विशेषज्ञता का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो।

XIV. इंटीग्रेटेड मास्टर डिग्री के मामले में, उम्मीदवार को आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के समय पद के लिए अपेक्षित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी स्नातक डिग्री और मार्कशीट के समर्थन में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

XV. उम्मीदवार को आवेदन के संबंधित कॉलम में प्राप्त अंकों का प्रतिशत [निकटतम दो दशमलव स्थानों तक गणना करके] स्पष्ट रूप से बताना होगा। जिन मामलों में विश्वविद्यालय द्वारा अंकों का प्रतिशत नहीं दिया जाता है, बल्कि केवल सीजीपीए/ओजीपीए /डीजीपीए/सीपीआई आदि दिया जाता है, उन्हें इस संबंध में विश्वविद्यालय के कन्वर्ज़न नियमों के अनुसार प्रतिशत में बदला जाएगा। आवेदन के सत्यापन के समय बुलाए जाने पर, उम्मीदवार को विश्वविद्यालय /संस्थान द्वारा जारी किया गया समतुल्यता प्रमाण-पत्र/दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा, जो अंकों के समतुल्य प्रतिशत को प्रमाणित करता हो।

XVI. अनुभव प्रमाण-पत्र: जिन पदों के लिए कार्य का अनुभव ज़रूरी है, उनके लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि आवेदन के सत्यापन/साक्षात्कार के समय, उन्हें ऊपर पैरा-3 में बताई गई शर्तों के अनुसार अपनी योग्यता के संदर्भ में ज़रूरी दस्तावेज़ दिखाने होंगे। उम्मीदवार की ज़िम्मेदारी होगी कि वह यह साबित करे कि उसके पास ज़रूरी कार्य का अनुभव है और जिस संगठन के अनुभव का दावा किया जा रहा है, वह भी ऊपर पैरा-3 के नोट (vi) में बताई गई श्रेणियों में से किसी एक के अंतर्गत आता है (संबंधित वर्षों के लिए, जैसा भी लागू हो)। जो उम्मीदवार ज़रूरी दस्तावेज़ नहीं दिखा पाएंगे, उन्हें चयन के लिए नहीं माना जाएगा।

XVII. उम्मीदवार एक से ज़्यादा पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, लेकिन उन्हें हर पद के लिए अलग-अलग रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके लिए शर्त यह है कि वे उस पद के लिए ज़रूरी सभी योग्यता शर्तें पूरी करते हों और हर पद के लिए लागू फ़ीस अलग-अलग जमा करें।

XVIII. दिव्यांग व्यक्तियों/बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए लेखक (स्क्राइब) और अतिरिक्त समय (कम्पेंसेटरी टाइम) से संबंधित निर्देश:

ए) दृष्टि-बाधित उम्मीदवारों को टेस्ट की सामग्री को बड़े फ़ॉन्ट में देखने की सुविधा मिलेगी।

(बी) आरपीडब्ल्यूडी एक्ट, 2016 की धारा 2(आर) के तहत परिभाषित बेंचमार्क दिव्यांगता वाले किसी भी व्यक्ति को, जिसे लिखने में (गति सहित) कोई कठिनाई हो, यदि वे चाहें तो स्क्राइब (लेखक) और/या अतिरिक्त समय (कम्पेनसेटरी टाइम) की सुविधा दी जाएगी।

(1) दृष्टिबाधित , दोनों हाथों की गतिशीलता संबंधी विकलांगता (बीए) और सेरेब्रल पाल्सी जैसी बेंचमार्क दिव्यांगता वाली श्रेणी के लोगों को, यदि वे चाहें, तो स्क्राइब (लिखने में मदद करने वाला व्यक्ति) और/या अतिरिक्त समय (कम्पेन्सेटरी टाइम) की सुविधा दी जाएगी।

(2) अन्य श्रेणियों की बेंचमार्क दिव्यांगता वाले लोगों के मामले में, स्क्राइब और/या अतिरिक्त समय की सुविधा तभी दी जा सकती है जब वे यह साबित करने वाला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में शारीरिक कठिनाई है और परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब की आवश्यकता है। यह प्रमाण-पत्र किसी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक से प्राप्त होना चाहिए और इसका प्रारूप **परिशिष्ट-I (2आर)** (विज्ञापन संख्या: 12/2026/सीएचक्यू/डीआर-सीबीटी के "प्रेस नोट" के तहत अपलोड किया गया) के अनुसार होना चाहिए।

(सी) आरपीडब्ल्यूडी एक्ट, 2016 की धारा 2(एस) के तहत परिभाषित लेकिन उसी एक्ट की धारा 2(आर) की परिभाषा में शामिल नहीं होने वाले दिव्यांग व्यक्तियों (अर्थात 40% से कम दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई महसूस करने वाले व्यक्ति) के मामले में, स्क्राइब (लेखक) और/या अतिरिक्त समय की सुविधा केवल तभी दी जाएगी जब वे एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे। इस प्रमाणपत्र में यह लिखा होना चाहिए कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में परेशानी है और परीक्षा में उनकी ओर से लिखने के लिए स्क्राइब की ज़रूरत है। यह प्रमाण पत्र सरकारी हेल्थ केयर संस्थान के बहू सदस्यीय सक्षम चिकित्साप्राधिकारी से, **परिशिष्ट-I (2एस)** (विज्ञापन संख्या: 12/2026/सीएचक्यू/डीआर-सीबीटी के "प्रेस नोट" के तहत अपलोड किया गया) में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार होना चाहिए।

(डी) जो उम्मीदवार परीक्षा में स्क्राइब (लेखक) की सेवाएँ लेना चाहते हैं और इसके लिए पात्र हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्म में इसकी जानकारी ज़रूर देनी चाहिए। बाद में किए गए किसी भी अनुरोध पर सकारात्मक रूप से विचार नहीं किया जाएगा।

(ई) जो उम्मीदवार स्क्राइब की सेवाएं लेना चाहते हैं, उन्हें अपने खर्च पर खुद स्क्राइब का इंतज़ाम करना होगा।

(एफ) **स्क्राइब की योग्यता उम्मीदवार की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए। स्क्राइब को उस शैक्षणिक स्ट्रीम से होना चाहिए जो पद के लिए निर्धारित योग्यता से अलग हो।** यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि स्क्राइब की योग्यता उम्मीदवार द्वारा घोषित योग्यता के अनुसार नहीं है, तो उम्मीदवार पद और उससे संबंधित दावों पर अपना अधिकार खो देगा।

(1) बेंचमार्क दिव्यांगता (अर्थात 40% और उससे ज़्यादा दिव्यांगता) वाले जो व्यक्ति स्क्राइब (लेखक) के लिए पात्र हैं और उसे चुनना चाहते हैं, उन्हें **परिशिष्ट-II (2आर)** में दिए गए प्रोफार्मा (जो विज्ञापन संख्या: 12/2026/ सीएचक्यू/डीआर-सीबीटी के "प्रेस नोट" में अपलोड किया गया है) के अनुसार अंडरटेकिंग और अपने स्क्राइब की सूचना जमा करानी होगी।

(2) दिव्यांगता वाले जो व्यक्ति (अर्थात 40% से कम दिव्यांगता) स्क्राइब के लिए पात्र हैं और उसे चुनना चाहते हैं, उन्हें **परिशिष्ट -II (2एस)** में दिए गए प्रोफार्मा (जो विज्ञापन संख्या: 12/2026/ सीएचक्यू/डीआर-सीबीटी के "प्रेस नोट" में अपलोड किया गया है) के अनुसार वचनबद्धता और अपने स्क्राइब की जानकारी जमा करानी होगी।

(जी) उम्मीदवार द्वारा चुने गए स्क्राइब को उसी परीक्षा का उम्मीदवार नहीं होना चाहिए। जो व्यक्ति एक उम्मीदवार के लिए स्क्राइब का कार्य कर रहा है, वह दूसरे उम्मीदवार के लिए स्क्राइब नहीं बन सकता।

(एच) स्क्राइब को स्वयं उत्तर नहीं देना चाहिए। परीक्षा के दौरान, किसी भी समय, अगर यह पाया जाता है कि स्क्राइब स्वयं प्रश्नों के उत्तर दे रहा है, तो परीक्षा का सत्र खत्म कर दिया जाएगा और उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि परीक्षा के बाद जांच प्रशासनिक कर्मचारी यह रिपोर्ट करते हैं कि स्क्राइब ने स्वयं प्रश्नों के उत्तर दिए थे, तो स्क्राइब की सहायता लेने वाले ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भी रद्द कर दी जाएगी।

(आई) जो उम्मीदवार परीक्षा में **अतिरिक्त समय** पाने के पात्र हैं और इसका लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्म में इसकी सूचना अवश्य देनी चाहिए। यदि योग्य उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्म भरते समय अतिरिक्त समय का विकल्प चुनते हैं, तो उन्हें परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। इसके अलावा, उन्हें परीक्षा केंद्र पर निर्धारित प्रपत्र (**परिशिष्ट I(2आर) / परिशिष्ट -I (2एस),** जो भी लागू हो) में चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(जे) केवल अतिरिक्त समय के लिए पंजीकृत उम्मीदवारों को ही ऐसी छूट दी जाएगी क्योंकि उम्मीदवारों को दिया जाने वाला अतिरिक्त समय सिस्टम-आधारित होता है इसलिए, यदि किसी उम्मीदवार ने इसके लिए पंजीकरण नहीं कराया है, तो परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के लिए उन्हें ऐसा समय देना संभव नहीं होगा। जिन उम्मीदवारों ने अतिरिक्त समय के लिए पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें ऐसी छूट नहीं दी जाएगी।

(के) जो दिव्यांग व्यक्ति स्क्राइब और/या अतिरिक्त समय की सुविधा ले रहे हैं, उन्हें परीक्षा केंद्र पर सक्षम चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा जारी की गई वचनबद्धता और चिकित्सा प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने होंगे।

(एल) कोई भी उम्मीदवार जो उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार स्क्राइब/अतिरिक्त समय का उपयोग करने के योग्य नहीं है, लेकिन परीक्षा में स्क्राइब/अतिरिक्त समय का उपयोग करता है तो उसे भर्ती प्रक्रिया में आगे भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। जो उम्मीदवार स्क्राइब/अतिरिक्त समय की सेवाओं का उपयोग कर रहा है उसे सुनिश्चित करना होगा कि वह उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार परीक्षा में स्क्राइब/अतिरिक्त समय की सेवाओं का उपयोग करने के योग्य है। उल्लिखित दिशानिर्देशों का उल्लंघन करके स्क्राइब/अतिरिक्त समय की सेवाओं का उपयोग करने वाला कोई भी उम्मीदवार अयोग्य माना जाएगा और अगर उसने पहले ही भाविप्रा में कार्यग्रहण कर लिया है तो उसे बिना किसी सूचना के सेवा से हटाया जा सकता है।

(एम) यदि किसी भी स्तर पर उल्लिखित शर्तों का का उल्लंघन पाया जाता है या बाद में पता चलता है कि उम्मीदवार द्वारा निर्धारित की गई पात्रता शर्तों को पूरा नहीं किया गया था या आवश्यक जानकारी छिपाई गई थी तो उसकी उम्मीदवारी/चयन/नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी।

## 8. चयन प्रक्रिया

(i) उम्मीदवार को आवेदन फ़ॉर्म भरने से पहले ज़रूरी निर्देश ध्यान से पढ़ने चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में बताई गई योग्यता और दूसरे नियमों को पूरा करता/करती है। गलत/झूठी सूचना देने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और ऐसी गलत/झूठी जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए भाविप्रा उत्तरदायी नहीं होगा।

(ii) सभी पदों के लिए कंप्यूटर-आधारित परीक्षा (ऑब्जेक्टिव टाइप) आयोजित की जाएगी । कंप्यूटर-आधारित परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा गलत उत्तर देने पर कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। पाठ्यक्रम , विज्ञापन संख्या: 12/2026/सीएचक्यू/डीआर-सीबीटी के "पाठ्यक्रम" कॉलम में अपलोड किया जाएगा।

(iii) आवेदन फ़ॉर्म में दी गई जानकारी के आधार पर, अस्थायी रूप से योग्य उम्मीदवारों को कंप्यूटर-आधारित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा और उन्हें उसी के अनुसार एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। कंप्यूटर-आधारित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की जानकारी पाने के लिए उम्मीदवारों को भाविप्रा की वेबसाइट पर लिंक के लिए नियमित रूप से देखना होगा या अपनी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी (स्पैम सहित सभी फ़ोल्डर) नियमित रूप से देखनी होगी।

(iv) सभी पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन आवेदन सत्यापन/अगली परीक्षाएं (यदि लागू हो) के बाद किया जाएगा। पोस्ट कोड 1 से 11 के लिए चयन प्रक्रिया में साक्षात्कार भी शामिल होगा।

(v) **प्रबंधक (अग्निशमन)** पद के लिए, आवेदन सत्यापन के बाद फिजिकल मेज़रमेंट टेस्ट, ड्राइविंग टेस्ट और फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट होगा। फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट में दौड़ना, कैजुअल्टी कैरिंग (रेत की बोरी उठाना और ले जाना), पोल पर चढ़ना, रस्सी पर चढ़ना और पूरी सीढ़ी पर चढ़ना व उतरना शामिल है। केवल वे उम्मीदवार जो इन टेस्ट में पास होंगे, उन्हें साक्षात्कार में शामिल किया जाएगा। फिजिकल मेज़रमेंट टेस्ट और फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट के विवरण और मानकों के लिए विज्ञापन संख्या: 12/2026/सीएचक्यू/डीआर-सीबीटी का "प्रेस नोट" देखें।

(vi) कंप्यूटर आधारित परीक्षा में उम्मीदवारों की परफोर्मेंस के आधार पर उन्हें आवेदन सत्यापन /अगली परीक्षा/साक्षात्कार (जैसा भी लागू हो) के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही आवेदन सत्यापन /अगली परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जैसा कि उस पद के लिए लागू हो।

(vii) शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के अनुक्रमांक केवल भाविप्रा की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। कॉल लेटर डाउनलोड करने की जानकारी के लिए उम्मीदवारों को नियमित रूप से भाविप्रा की वेबसाइट या अपनी रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी (स्पैम सहित सभी फोल्डर) देखनी होगी।

(viii) **प्रबंधक (हवाई अड्डा प्रचालन)** और **कनिष्ठ कार्यपालक (हवाई अड्डा प्रचालन)** के पद के लिए, लाइट मोटर व्हीकल लाइसेंस ज़रूरी है। अस्थायी/लर्निंग लाइसेंस स्वीकार्य नहीं होगा।

(ix) प्रबंधक (अग्नि शमन) के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय **वैध स्थायी लाइट मोटर व्हीकल लाइसेंस** प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। अस्थायी या लर्निंग लाइसेंस मान्य नहीं होंगे। **[नोट: चयन के बाद, उम्मीदवारों को दो साल के भीतर हैवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना होगा, ऐसा न करने पर वे पदोन्नति के पात्र नहीं होंगे और आगे तीसरी वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं मिलेगी]।**

(x) आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के दौरान, उम्मीदवार को मूल प्रमाण पत्र, पहचान का प्रमाण और सभी प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध है या वह आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ है या दस्तावेजों में जानकारी का मिलान नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

(xi) जो उम्मीदवार पहले से ही केंद्र सरकार / राज्य सरकार / स्वायत्त निकाय / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत हैं, उन्हें आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। चयन होने पर त्यागपत्र देने का वचनपत्र , आवेदन की गई एनओसी / त्यागपत्र की पावती प्रति, अनुभव प्रमाण पत्र आदि जैसे अन्य दावों पर एनओसी के स्थान पर विचार नहीं किया जाएगा।

(xii) उम्मीदवारों का अनंतिम चयन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा और साक्षात्कार (जहाँ लागू हो) में उनके प्रदर्शन के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट के अनुसार होगा, जो पद के लिए निर्धारित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने और पद के लिए लागू फिजिकल मेज़रमेंट टेस्ट/ड्राइविंग टेस्ट/फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट पास करने के अधीन होगा।

(xiii) नियुक्ति के लिए अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों के अनुक्रमांक भाविप्रा की वेबसाइट पर घोषित किए जाएंगे। अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को प्रस्ताव पत्र/प्रस्ताव पत्र का विवरण उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर/भाविप्रा वेबसाइट के माध्यम से भेजा जाएगा। उम्मीदवारों को अपना प्रस्ताव पत्र डाउनलोड करने के विवरण के लिए भाविप्रा वेबसाइट पर जाना होगा/अपने पंजीकृत ई-मेल आईडी (स्पैम सहित सभी फ़ोल्डर) की जांच करनी होगी।

(xiv) **प्रबंधक (अग्निशमन सेवाएं)** के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा, जिसके दौरान उन्हें मूल वेतन के साथ-साथ अन्य स्वीकार्य भत्ते दिए जाएंगे। उन्हें प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 3 साल की अवधि तक भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की सेवा करने के लिए 5 लाख रुपये का जमानती बांड निष्पादित करना होगा।

(xv) उम्मीदवारों का चयन अनंतिम होगा। यह चयन योग्यता के मानदंडों, चरित्र और पूर्व वृत्त/बैकग्राउंड की जाँच, जाति प्रमाण-पत्र/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण-पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र/एससी प्रमाण-पत्र/एसटी प्रमाण-पत्र/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र और उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए अन्य दस्तावेजों के सत्यापन पर निर्भर करेगा। साथ ही, यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि उम्मीदवार पद के लिए अपेक्षित चिकत्सा मानक और भाविप्रा के नियमों के तहत नियुक्ति के लिए अन्य ज़रूरी शर्तों को पूरा करता हो।

(xvi) पोस्ट कोड- 3 और 12 को छोड़कर, सभी विज्ञापित पदों के लिए वर्णांधता और/या रतौंधी होने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। फिर भी, चिन्हित पदों के लिए आवेदन करने वाले योग्य पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों का मूल्यांकन इस विज्ञापन में दी गई शर्तों और भारत सरकार के समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार किया जाएगा। चिकित्सा परीक्षा का खर्च उम्मीदवार को स्वयं वहन करना होगा।

(xvii) चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

## 9. कदाचार के विरुद्ध कार्रवाई

(i) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सही जानकारी प्रस्तुत करें और "ऑन-लाइन" आवेदन भरते समय ऐसे कोई भी दस्तावेज/जानकारी प्रदान न करें जो झूठे, हेर फेर किए हुए, मनगढ़ंत हो या किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को न छिपाएं ।

(ii) भर्ती के किसी भी चरण में या बाद में, यदि कोई उम्मीदवार किसी कदाचार का दोषी पाया जाता है जैसे:

(ए) अनुचित साधनों का उपयोग करना या अनुचित साधनों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना**;**

या

(बी) किसी व्यक्ति द्वारा पररूपण प्राप्त करना (procuring impersonation) या पररूपण करना (impersonating);

या

(सी) चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनियमित साधन का सहारा लेना;

या

(डी) किसी भी रूप में प्रचार करना/ किसी भी तरह से अपनी उम्मीदवारी के लिए अनुचित प्रभाव का प्रयोग करना :

या

(ई) झूठे प्रमाण पत्र/दस्तावेज़/सूचना प्रस्तुत करना या किसी भी स्तर पर किसी जानकारी को छिपाना :

या

(एफ) परीक्षा में उपस्थित होते समय या उसके बाद अपनी श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/ईडबल्यूएस/पीडबल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक/भाविप्रा प्रशिक्षु) के बारे में गलत जानकारी देना;

या

(जी) परीक्षा हॉल या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्थान पर गलत व्यवहार करना, या परीक्षण (टेस्ट) की सामग्री या उसमें निहित किसी भी जानकारी को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक रूप से किसी भी उद्देश्य के लिए प्रकाशित करना, कॉपी करना, प्रसारित करना, संग्रहीत करना या प्रसारण अथवा स्टोर करने में मदद करना;

या

(एच) परीक्षा के दौरान या उसके बाद अपनी परीक्षा या परिणामों को प्रभावित करने के लिए अनुचित या बाहरी प्रभाव डालना;

या

(आई) परीक्षा/साक्षात्कार हॉल/मूल्यांकन क्षेत्र में मोबाइल या संचार के अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाना;

उनकी उम्मीदवारी को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा और सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा (यदि पहले ही नियुक्त किया जा चुका हो), साथ ही अन्य कार्रवाई या कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

## 10. आवेदन कैसे करें

(i) उम्मीदवार आवेदन पत्र भरने से पहले महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और यह सुनिश्चित करें कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है| गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा और भाविप्रा ऐसी गलत/झूठी सूचना देने के किसी भी परिणाम के लिए उत्तरदायी नहीं होगा |

(ii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन करने से पहले वे निम्नलिखित निर्देशों को और ऑनलाइन आवेदन के मुख्य निर्देश पृष्ठ पर दिए गए सभी निर्देश भी ध्यान से पढ़ें :

(ए) उम्मीदवारों को www.aai.aero पर "कैरियर" टैब के अंतर्गत उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा| किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रस्तुत करने का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नही किया जाएगा |

(बी) अपूर्ण आवेदन को अविलम्ब रद्द कर दिया जाएगा।

(सी) उम्मीदवारों के पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नम्बर होना चाहिए| इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान इन्हें सक्रिय रखा जाए। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे भाविप्रा की ओर से किसी भी सूचना के लिए अपने ई-मेल (स्पैम सहित सभी फोल्डर)/भाविप्रा की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें |

(डी) ऑन लाइन आवेदन को भरना शुरू करने से पहले, उम्मीदवारों को निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज/ सूचना को अपने पास रखना चाहिए: -

(1) वैध ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर:ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज की गई ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने तक सक्रिय बने रहने चाहिए। एक बार पंजीकरण हो जाने के बाद ई-मेल आईडी अथवा मोबाइल नंबर में किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस भर्ती से संबंधित समस्त पत्राचार पंजीकृत ई-मेल आईडी तथा भाविप्रा की वेबसाइट के माध्यम से किया जाएगा। इसमें कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र (डाउनलोड करने की सूचना, आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार/अनुवर्ती परीक्षाओं (यदि शॉर्टलिस्ट किए जाते हैं) हेतु कॉल लेटर तथा चयनित होने पर नियुक्ति-पत्र जारी करने संबंधी सूचनाएं भी सम्मिलित होंगी।

(यदि उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी/मोबाइल नंबर नहीं है, तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ई-मेल आईडी बनानी चाहिए और एक मोबाइल नंबर प्राप्त करना चाहिए और उस ईमेल खाते और मोबाइल नंबर को सक्रिय रखना चाहिए।)

(2) आवेदन पत्र में अपलोड करने के लिए, नीचे पैरा-11 में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार उनकी तस्वीर, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे के निशान और हस्तलिखित घोषणा की स्कैन की गई (डिजिटल) छवि।

(3) पात्रता मानदंडों से संबंधित सभी प्रासंगिक दस्तावेज/विवरण जैसे शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र [एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)], ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिकों के मामले में डिस्चार्ज प्रमाण पत्र, भाविप्रा से प्रशिक्षु प्रमाण पत्र आदि।

(4) आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु विवरण/दस्तावेज़।

(ई) **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में भरी गई जानकारी को स्वयं ध्यानपूर्वक भरें और सत्यापित करें, क्योंकि आवेदन जमा करने के बाद किसी भी बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।**
(एफ) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी समाचार पत्र/वेबसाइट/मोबाइल ऐप/सोशल मीडिया आदि पर आने वाले फर्जी विज्ञापनों का उत्तर न दें। किसी भी जानकारी की प्रामाणिकता के लिए, उम्मीदवार केवल भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें।

## 11. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग के संबंध में निर्देश:

अपनी फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हाथ से लिखी घोषणा की स्कैन की गई इमेज नीचे दिए गए निर्देशों के अनुसार अपलोड करें:

**i) फोटोग्राफ की छवि (4.5 सेमी * 3.5 सेमी):**:

(ए) हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो होना चाहिए (फोटोग्राफ 3 महीने से अधिक पुराना न हों )।

(बी) सुनिश्चित करें कि फोटो रंगीन हो और हल्के रंग के, अधिमानतः श्वेत पृष्ठभूमि के सामने ली गई हो।

(सी) चेहरे को सहज रखते हुए सीधे कैमरे की ओर देखें।

(डी) अगर तस्वीर धूप वाले दिन ली जा रही है तो सूरज को अपने पीछे रखें या खुद को छाया में रखें ताकि आपकी आँखें न सिकुड़ें और चेहरे पर कड़ी परछाई न पड़ें।

(ई) अगर आपको फ़्लैश का उपयोग करना पड़े तो सुनिश्चित करें कि "रेड-आई" (आँखों का लाल दिखना) न हो।

(एफ) अगर आप चश्मा पहनते हैं, तो सुनिश्चित करें कि उसमें कोई रिफ्लेक्शन न हो और आपकी आँखें साफ़ दिखें।

(जी) कैप, हैट और डार्क चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं। धार्मिक सिर-ढकने वाली वस्तुओं की अनुमति है लेकिन उनसे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए।

(एच) फ़ाइल का प्रकार: जेपीजी / जेपीईजी

(आई) डाइमेंशन 200 x 230 पिक्सल (वरीयता )

(जे) फ़ाइल का साइज़ 20केबी–50 केबी के बीच होना चाहिए।

(के) सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई छवि का आकार 50 केबी से अधिक न हो। यदि फ़ाइल का आकार 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनिंग प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग्स जैसे डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, रंगों की संख्या आदि को समायोजित करें।

**(ii) फोटोग्राफ कैप्चर**

(ए) उपर्युक्त फोटोग्राफ के अतिरिक्त उम्मीदवारों को वेबकैम अथवा मोबाइल फोन का उपयोग करके अपना लाइव फोटोग्राफ भी कैप्चर कर अपलोड करना होगा।

(बी) "कैप्चर फोटो" विकल्प का चयन करने पर उम्मीदवारों का वेबकैम सक्रिय हो जाएगा, जिससे वह अपना फोटोग्राफ ले सकेगा। लिया गया फोटोग्राफ स्वतः आवेदन-पत्र में अपलोड हो जाएगा।

(सी) "क्लिक हेयर टू स्कैन " विकल्प का चयन करने पर उम्मीदवार अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं। इससे वे एक वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित (रिडायरेक्ट) हो जाएंगे, जहाँ वे अपने मोबाइल फोन से फोटोग्राफ ले सकेंगे। फोटोग्राफ लेने के बाद उसके चयन करते ही वह स्वतः आवेदन-पत्र में अपलोड हो जाएगा।

(डी) फ़ोटो लेते (कैप्चर) समय क्या करें:
(1) सुनिश्चित करें कि फ़ोटो हल्के रंग के, अधिमानतः श्वेत पृष्ठभूमि के सामने ली गई हो और पर्याप्त रोशनी हो
(2) सीधे वेबकैम/कैमरे की ओर देखें
(3) फ़ोटो पासपोर्ट आकार की होनी चाहिए

(ई) फ़ोटो लेते (कैप्चर) समय क्या न करें:
(1) छोटे साइज़ की फ़ोटो न लें/अपलोड न करें
(2) रंगीन चश्मा या सनग्लास/कैप न पहनें
(3) चेहरे पर परछाई/कैमरे की तरफ़ न देखना/चेहरा बिगड़ा हुआ होना/चेहरा मास्क से ढका होना/धुंधली तस्वीर
(4) अंधेरे /गलत पृष्ठभूमि में फ़ोटो न लें

(iii) **हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा पत्र की छवि:**

**(ए) बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर / हस्तलिखित घोषणा पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

(बी) आवेदक को सफेद कागज पर **काले स्याही वाले पेन** से **हस्ताक्षर** करने होंगे।
(1) आयाम 140 x 60 पिक्सेल (वरीयता)
(2) हस्ताक्षर के लिए फ़ाइल का आकार 10केबी – 20केबी और बाएं अंगूठे के निशान के लिए 20 केबी - 50 केबी के बीच होना चाहिए।
(3) सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई छवि का आकार 20 केबी से अधिक न हो।

(सी) आवेदक को **काले या नीली स्याही से एक सफेद कागज** पर **अपने बाएं अंगूठे का निशान** लगाना है । (उचित रूप से स्कैन किया जाना चाहिए और धब्बा नहीं लगना चाहिए) ।
(1) फ़ाइल प्रकार: जेपीजी / जीपीईजी
(2) आयाम: 200 डीपीआई में 240 * 240 पिक्सेल (अपेक्षित गुणवत्ता के लिए वरीयता) अर्थात 3 सेमी * 3 सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)
(3) फ़ाइल का आकार: 20 केबी – 50 केबी
(4) यदि किसी अभ्यर्थी का बाया अंगूठा नहीं हैं, तो वह आवेदन करने के लिए अपने दाहिने अंगूठे का उपयोग कर सकता है।

(डी) आवेदक को सफ़ेद काग़ज़ पर **काली स्याही वाले पेन** से स्पष्ट रूप से अंग्रेजी में **घोषणा** लिखनी होगी।
(1) फ़ाइल प्रकार: जेपीजी / जीपीईजी
(2) आयाम: 200 डीपीआई में 800 * 400 पिक्सेल (अपेक्षित गुणवत्ता के लिए वरीयता) अर्थात 10 सेमी * 5 सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)
(3) फ़ाइल का आकार: 50 केबी- 100 केबी
(4) हस्तलिखित घोषणा का पाठ इस प्रकार है:

मैं, ............................... (उम्मीदवार का नाम), एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूं कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई सभी जानकारी सही, सत्य और वैध है। मैं आवश्यकतानुसार सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करूंगा /करुंगी

(5) उपर्युक्त हस्तलिखित घोषणा उम्मीदवार की हस्तलेखन में और केवल अंग्रेजी में होनी चाहिए। यदि इसे किसी और द्वारा या किसी अन्य भाषा में लिखा और अपलोड किया जाता है, तो आवेदन को अमान्य माना जाएगा। (दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के मामले में जो लिख नहीं सकते हैं, घोषणा का पाठ टाइप करवा सकते हैं और टाइप किए गए घोषणा के नीचे अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगा सकते हैं और दस्तावेजों को विनिर्देशों के अनुसार अपलोड कर सकते हैं।)

(ई) हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा आवेदक की होनी चाहिए, न कि किसी अन्य व्यक्ति की।

(एफ) यदि उपस्थिति पत्रक या कॉल लेटर पर आवेदक के हस्ताक्षर, परीक्षा/भर्ती के किसी अन्य चरण के समय हस्ताक्षरित, अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते हैं, तो आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

कृपया आवेदन पंजीकरण, दस्तावेजों की स्कैनिंग और दस्तावेजों को अपलोड करने की प्रक्रिया के संबंध में निर्देशों के लिए विज्ञापन संख्या: 12/2026/ सीएचक्यू/डीआर-सीबीटी का प्रेस नोट देखें ।

**12. आवेदन शुल्क और भुगतान का माध्यम:**

(i) 1000 रुपये (एक हजार रुपये मात्र) (जीएसटी सहित) का आवेदन शुल्क उम्मीदवारों द्वारा केवल ऑनलाइन माध्यम से ही भुगतान किया जाना है। अन्य किसी माध्यम से जमा किया गया शुल्क स्वीकार नहीं होगा। हालांकि, एससी उम्मीदवार, एसटी उम्मीदवार, पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार, महिला उम्मीदवार और प्रशिक्षु जो भाविप्रा में एक वर्ष का प्रशिक्षुता प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं, उन्हें शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

(ii) आवेदन पत्र भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है और भुगतान प्रक्रिया निर्देशों का पालन करके पूरी की जा सकती है।

(iii) भुगतान डेबिट कार्ड (रूपे/वीजा/मास्टरकार्ड/मेस्ट्रो), क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड/मोबाइल वॉलेट का उपयोग करके किया जा सकता है। आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन शुल्क उम्मीदवार को वहन करना होगा।

(iv) क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए: सभी शुल्क भारतीय रुपये में सूचीबद्ध हैं। यदि आप एक गैर-भारतीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं, तो आपका बैंक प्रचलित विनिमय दरों के आधार पर आपकी स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित हो जाएगा।

(v) ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी भुगतान जानकारी जमा करने के बाद, कृपया सर्वर से सूचना मिलने तक प्रतीक्षा करें। दोहरे शुल्क से बचने के लिए वापस या रीफ्रेश बटन न दबाएं।

(vi) लेनदेन के सफलतापूर्वक पूरा होने पर, एक ई-रसीद जेनरेट (उत्पन्न) की जाएगी। 'ई-रसीद' का नॉन-जेनरेशन भुगतान विफलता को इंगित करता है। भुगतान में विफलता पर, उम्मीदवारों को अपने अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके फिर से लॉग इन करने और भुगतान की प्रक्रिया को दोहराने की सलाह दी जाती है।

(vii) एक बार भुगतान की गई फीस किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी। यदि कोई डुप्लिकेट भुगतान है, तो आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद उसे वापस कर दिया जाएगा।

(viii) शुल्क के भुगतान के बाद शुल्क विवरण वाले आवेदन पत्र को प्रिंट करने की सुविधा है। उम्मीदवारों को शुल्क विवरण वाले ई-रसीद और ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेना होगा। **कृपया ध्यान दें कि यदि ऐसा नहीं किया जा सकता है, तो ऑनलाइन लेनदेन सफल नहीं हुआ है ।**

(ix) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य के संदर्भ के लिए प्रिंटआउट अपने पास रखें। **भाविप्रा कार्यालय में प्रिंटआउट भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।**

(x) आपके डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कृपया अपना लेनदेन पूरा होने के बाद ब्राउज़र विंडो बंद कर दें।

**13. सामान्य निर्देश:**

(i) आवेदन जमा करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह सभी पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता / करती है और इस विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुसार पात्रता से संबंधित दस्तावेज रखता / रखती है। वह आवेदन पत्र अंतिम रूप से जमा करने से पहले , जन्म तिथि, श्रेणी, उप-श्रेणी [एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक], लिंग, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर आदि जैसी जानकारी की जांच कर सकता / सकती है। क्योंकि बाद में कोई सुधार संभव नहीं होगा।

(ii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन की अंतिम तिथि से बहुत पहले ऑनलाइन आवेदन करें और इंटरनेट पर अधिक लोड/वेबसाइट जाम/डिस्कनेक्शन के कारण भाविप्रा की वेबसाइट पर लॉग ऑन करने में अक्षमता/विफलता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें।

(iii) भाविप्रा उपर्युक्त कारणों से या भाविप्रा के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों के अंतिम तिथि तक अपने आवेदन जमा करने में असमर्थ होने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।

(iv) कंप्यूटर आधारित परीक्षा भारत के विभिन्न प्रमुख शहरों में आयोजित की जाएगी। एक बार चयन के बाद परीक्षा केंद्रों का चयन अंतिम होगा। हालांकि, भाविप्रा प्रतिक्रिया/प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर परीक्षा केंद्रों को रद्द/बदलने/बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भाविप्रा उम्मीदवार को उसके द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा किसी अन्य केंद्र पर आवंटित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। परीक्षा के लिए केंद्र/स्थान/तिथि/सत्र में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(v) कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने के लिए कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा। उम्मीदवार अपनी जिम्मेदारी और खर्च पर परीक्षा केंद्र पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और भाविप्रा किसी भी प्रकार के किसी भी चोट या नुकसान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(vi) परीक्षा संचालन में कुछ समस्या होने की संभावना को पूरी तरह से रद्द नहीं किया जा सकता है, जिससे परीक्षा के आयोजन और/या परिणाम पर प्रभाव पड़ सकता है । ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, जिसमें उम्मीदवारों का स्थानांतरण, परीक्षा में देरी शामिल हो सकती है। पुनः परीक्षा का आयोजन भाविप्रा के पूर्ण विवेकाधीन है। उम्मीदवारों का पुन: परीक्षा के लिए कोई दावा नहीं होगा। जो उम्मीदवार आगे नहीं बढ़ना चाहते या परीक्षा देने की विलंबित प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहते, उन्हें प्रक्रिया से रद्द कर दिया जाएगा।

(vii) इस प्रक्रिया के लिए नियुक्त एजेंसी की नीति के अनुसार, परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों के अलावा किसी और को परीक्षा /प्रश्न पत्र का खुलासा नहीं किया जाता है। परीक्षा के बाद भी परीक्षा के प्रश्नपत्र किसी के साथ साझा नहीं किए जाते हैं।

(viii) यदि कंप्यूटर आधारित परीक्षा एक से अधिक सत्रों में आयोजित की जाती है, तो विभिन्न सत्रों में उपयोग की जाने वाली विभिन्न परीक्षण बैटरियों के कठिनाई स्तर में मामूली अंतर के लिए विभिन्न सत्रों में अंकों को समायोजित किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि एक उम्मीदवार को विशिष्ट भर्ती के तहत विज्ञापित पद के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा में केवल एक बार उपस्थित होने की अनुमति है। कंप्यूटर आधारित परीक्षा में कई बार उपस्थित होने के परिणामस्वरूप उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। यदि एक से अधिक कॉल लेटर तैयार किए गए हैं, तो उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित कॉल लेटर पर उल्लिखित तिथि और समय पर एक पद के लिए केवल एक बार उपस्थित हों।

(ix) अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक डेटा परीक्षा हॉल में कैप्चर किया जाएगा और उम्मीदवार की पहचान सुनिश्चित करने के लिए किसी भी स्तर पर इसका सत्यापन किया जाएगा। उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेगा कि बायोमेट्रिक्स सही और उचित तरीके से कैप्चर किए गए हैं। किसी भी असंगति से उम्मीदवारी की अस्वीकृति हो सकती है। सत्यापन की स्थिति पर भाविप्रा का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा।

(x) भर्ती, पात्रता मानदंड, आवेदन/प्रमाण पत्र/पात्रता दस्तावेजों के समर्थन, चयन के तरीके आदि के संबंध में भाविप्रा प्रबंधन का निर्णय सभी उम्मीदवारों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा। इस संबंध में भाविप्रा द्वारा कोई पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।

(xi) केवल न्यूनतम योग्यता, अनुभव और सेवा की शर्तों को पूरा करने से उम्मीदवारों को आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार/बाद के परीक्षण के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिलेगा। अयोग्य पाए गए और/या आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार/बाद के परीक्षण के लिए नहीं बुलाए गए उम्मीदवारों से कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(xii) भाविप्रा भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/प्रतिबंधित/बढ़ाने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि कोई आवश्यकता होती है, तो बिना कोई आगे नोटिस जारी किए या कोई कारण बताए बिना भाविप्रा प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।

(xiii) उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा और सभी सामान्य जानकारी भाविप्रा वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जाएगी। कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने, आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर, नियुक्ति पत्र, किसी अन्य जानकारी की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य/गलत ईमेल आईडी के कारण या जानकारी की देरी/गैर-प्राप्ति के लिए, यदि कोई उम्मीदवार समय पर अपने मेल (स्पैम सहित सभी फ़ोल्डर)/भाविप्रा वेबसाइट तक पहुंचने में विफल रहता है, तो भेजे गए ई-मेल के किसी भी नुकसान के लिए भाविप्रा जिम्मेदार नहीं होगा।

(xiv) उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रक्रिया के उल्लंघन की स्थिति में या यदि उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है या इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो ऐसे पंजीकृत उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या यहां तक कि भर्ती/शामिल होने के बाद भी रद्द किया जा सकता है। यदि वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान ऐसे उदाहरणों का पता नहीं चलता है, लेकिन बाद में पता चलता है, तो ऐसी अयोग्यता और संबंधित परिणाम पूर्वव्यापी प्रभाव के साथ होंगे।

(xv) भाविप्रा किसी भी उम्मीदवार के पूर्व रोजगार के वेतन/छुट्टी वेतन/पेंशन योगदान आदि के कारण कोई दायित्व नहीं उठाएगा, यदि कोई हो, जो पहले से ही केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत है।

(xvi) किसी भी विवाद के लिए क्षेत्राधिकार न्यायालय दिल्ली में होगा।

(xvii) इस भर्ती से संबंधित सभी भावी संचार/जानकारी भाविप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ईमेल खाते (स्पैम सहित सभी फ़ोल्डर) की जांच करें और आगे के अपडेट के लिए भाविप्रा की वेबसाइट **www.aai.aero** पर नियमित रूप से जाएं।

(xviii ) विज्ञापन में किसी भी विवाद की स्थिति में, रोजगार सूचना के अंग्रेजी संस्करण को वैध माना जाएगा।

(xix) कंप्यूटर आधारित परीक्षा द्विभाषी होगी अर्थात हिंदी और अंग्रेजी, भाषा की परीक्षा को छोड़कर ।

******